RNI No. RAJHIN/2006/19070

# श्रीडूंगरगढ़ समाचार

मोबाईल- 9462891475 | वर्ष - 20 | अंक - 480

# देशभक्ति के रंग में रंगा सेसोमूं स्कूल, धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

समाचार रिपोर्ट फोटो फीचर





श्रीडूंगरगढ़, 15 अगस्त। सेसोमूं स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति एवं राष्ट्रगौरव की भावना के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण, राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री मनीराम गोदारा, समाजसेवी एवं सफल व्यवसायी, खाजूवाला तथा विशिष्ट अतिथि श्री सीताराम मूंधड़ा एवं सेसोमूं स्कूल के पूर्व छात्र श्री संदीप गोदारा उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन श्री जगदीश प्रसाद मूंधड़ा एवं वाइस चेयरपर्सन श्रीमती पद्मा मूंधड़ा की गरिमामयी उपस्थिति रही।विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक मार्चपास्ट, देशभक्ति गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने देशप्रेम एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त किया। इस अवसर पर वर्तमान शैक्षणिक सत्र में विभिन्न सहशैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।मुख्य अतिथि श्री मनीराम गोदारा ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान से प्रेरणा लेकर देश की प्रगति में योगदान देने का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं जिम्मेदारी के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।चेयरमैन श्री जगदीश प्रसाद मूंधड़ा ने अपने संबोधन में विद्यालय के तीन प्रमुख स्तंभों—अनुशासन, चरित्र एवं शिक्षा—पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने तथा जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर उन्होंने शहीद सैनिकों के बच्चों के लिए महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि नर्सरी से कक्षा 12वीं तक की संपूर्ण शिक्षा की जिम्मेदारी विद्यालय द्वारा ली जाएगी। ऐसे बच्चों को छात्रावास में रखकर शिक्षा, आवास, भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाएँ नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएँगी।विशिष्ट अतिथि एवं सेसोमूं स्कूल के पूर्व छात्र श्री संदीप गोदारा ने अपने छात्र जीवन की स्मृतियाँ साझा करते हुए विद्यालय के प्रति अपने आत्मीय जुड़ाव को व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों को शिक्षा एवं जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।उपखंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में भी सेसोमूं स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यार्थियों ने परेड एवं योग नृत्य, दोनों प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया।राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के विशेष अवसर पर राष्ट्रगीत के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना को विशेष रूप से अभिव्यक्त किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के साथ-साथ समापन अवसर पर भी राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया, जिससे समारोह की गरिमा और बढ़ गई।कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य श्री सुब्रत कुंडू ने स्वतंत्रता दिवस एवं राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने की सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर श्री महावीर माली, श्री सुभाष शास्त्री, श्री बालकराम शर्मा, श्री घनश्याम व्यास, श्री फरियाद अली काजी, श्री पंकज पारीक, श्री घनश्याम गौड़ सहित अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावकगण, शिक्षकगण एवं विद्यालय के प्रशासनिक तथा सहायक कर्मचारी उपस्थित रहे।

समारोह की प्रमुख झलकियाँ





email id: sdghsamachar@gmail.com